# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 06.06.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 06.06.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** आज दिनाँक 06.06.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन्स चित्रकूट में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वास्थ्य के लाभ के लिए परेड की दौड़ करायी गयी, परेड निरीक्षण के दौरान अधि0/कर्मचारीगण का टर्न आउट चेक किया गया तथा परेड ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी गयी एवं आवश्यक सुधार हेतु प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन को निर्देशित किया गया।परेड ग्राउंड में आर्मोरर द्वारा शस्त्रों का खोलने जोड़ने व हैन्डलिंग की जानकारी दी गयी।

तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवहन शाखा जाकर थानों से आयी समस्त चार/दो पहिया वाहनों, 112 पीआरवी वाहनों तथा परिवहन शाखा में रखे वाहनों का निरीक्षण कर प्रभारी परिवहन शाखा को मरम्मत हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा डायल 112 कार्यालय,आवास परिसर,आरक्षी बैरिक,आरटीसी बैरिक, सीपीसी कैंटीन,मंदिर,भोजनालय, नव निर्मित भवनों,आर्मरी का निरीक्षण किया तथा साफ सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया।क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर सलामी ली गयी साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेश-कक्ष में जाकर पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम किया गया।

इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक श्री अरविंद कुमार वर्मा,प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण, पीआरओ श्री प्रदीप पाल एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(4).** आज दिनाँक 06.06.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

**(5).** श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में थानाध्यक्ष पहाड़ी श्री पंकज तिवारी एवं पैरोकार आरक्षी अबरार द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी श्री हरिओम सिंह द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) जनपद चित्रकूट श्री सचिन कुमार दीक्षित द्वारा आज दिनाँक 06.06.2025 को थाना पहाड़ी में पंजीकृत मु0अ0सं0 413/2017 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के आरोपी अभियुक्त कल्लू पुत्र भोंदू यादव निवासी हर्रा जनपद चित्रकूट को 1500/- रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

**(6).** आज दिनांक 06/06/ 2025 को समय करीब 12:00 बजे सूचना प्राप्त हुई कि कुचारम मोड़ के आगे बिसंडा रोड के आगे थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट में महिंद्रा ट्रैक्टर ट्राली में पहाड़ी से बांदा की ओर जा रहे ट्रैक UP 95 T3440 ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर व ट्राली पलट गई जिसमें बैठी सवारी घायल हो गई सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जयकरन की उपस्थिति में दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा ट्रैक्टर व ट्राली में सवार सभी घायलों 1- गुड़िया पत्नी संजय उम्र करीब 40 वर्ष 2- अनुरूद्र पुत्र श्री केशव उम्र 13 वर्ष 3- विमला पुत्री बुधराज उम्र 15 वर्ष 4-निर्भय यादव पुत्र बुधराज उम्र 10 वर्ष 5-मुन्नीबाई पत्नी कालीचरण उम्र 55 वर्ष 6- लइची पत्नी राम सजीवन उम्र 50 वर्ष 7 -दसिया पत्नी बुधराज उम्र 30 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम परसौजा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट 8-गनेशीय पत्नी राजकरण उम्र 60 वर्ष निवासी भदौब थाना कमासिन जनपद बाँदा 9- कैरा पुत्र रजवा उम्र 65 वर्ष 10-चुनवादी पत्नी गया प्रसाद उम्र 55 वर्ष 11-विद्या पत्नी राम प्रकाश उम्र 40 वर्ष निवासीगण परसोंजा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट 12- धर्मवीर उम्र 8 वर्ष 13- हेमंत उम्र 14 वर्ष पुत्रगण विद्यासागर 14-गुड़िया पत्नी विद्यासागर उम्र 36 वर्ष निवासी दलपत का पुरवा ममसी थाना पहाड़ी जनपद

चित्रकूट को एंबुलेंस की सहायता से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में भर्ती कराया गया घायल व्यक्तियों में 1-कैरा पुत्र रजवा 2-लइची पत्नी राम सजीवन 3-चुनबादी पत्नी गया प्रसाद 4-विद्या पत्नी राम प्रकाश 5- अनुरूद्र पुत्र केशव 6- मुन्नी बाई पत्नी कालीचरण 7-धर्मवीर पुत्र विद्यासागर 8- हेमंत पुत्र विद्यासागर 9- गुड़िया पत्नी विद्यासागर 10- गनेशीय पत्नी राजकरण को हायर सेंटर जिला अस्पताल सोनेपुर रिफर किया गया लॉ एंड ऑर्डर की कोई समस्या नहीं है।

**(7).** आज दिनांक 06.06.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी यातायात श्री शैलेन्द्र सिंह व उनकी टीम द्वारा माल वाहक वाहनों (ट्रैक्टर-ट्राली, पिकअप लोडर) में तीर्थयात्रा करा रहे 23 वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए ₹ 2,60,500 अर्थ दण्ड अधिरोपित किया गया एवं 13 चालन अनुज्ञप्ति (ड्राइविंग लाइसेंस) जब्त कर निरर्हित/प्रतिसंहत करने हेतु सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को प्रेषित किया गया।